इधर वहाँ से छूटकर दोनो संत दौडते हुये भगवान स्वामिनारायण के पास आये । स्वामिनारायण भगवानने पूछा संतो आद जो दिन से आपलोग कहाँ खोग ये थे । महाराज ! हमें पकडकर अखाडा में ले गये वहाँ रस्सी से बांधदिया था । ऐसा वे लोग कर रहे थे कि इसी तरह रिझा-रिझाकर मार डालेंगे । संत ! आप लोग कैसे छूटे । महाराज ! कोई दो शेठ आये थे वे कह रहे थे कि हमें भंडारा देना है । लेकिन कहने लगे कि जहाँ स्वामिनारायण के साधु होते हैं वहाँ भंडारा नहीं देते । बाद में भंडारा के लालच में हमे छोड़ दिया । महाराजने कहा कि वे शेठ मिलें तो आप उनका सन्मान करेंगे । महाराज ! उन्हीं की वजह से छूटे है । महाराजने सभा की तरफ इशारा करके कहा कि जो शेठ है वें खडे हो जांय । वे दोनो शेठ रुपधारी खड़े हो गये । महाराज ने कहा कि देखो संतो आप दोनो को छुडाने के लिये ये आये थे ।

मित्रों ! हम भव्य मंदिरों में बैठकर सुख से भजन भक्ति करते हैं । यह सब अपने पूर्वजो के तप का फल है । आप सभी को इसका अनुभव है । कोई बेटा आराम से रहता हो, खूब खाता-पिता हो, यह देखकर समाज के लोग कहते हैं कि अपने बाप-दादे की कमाई खा रहा है । इसके बाप-दादा मकान बनादिये, जमीन ले लिये, अब वह आनंद कर रहा है । अपने लिये यह सत्य हो सकता है । आज अपना तप कितना ? आज अपनी भक्ति कितनी ? लेकिन अपने पूर्वजो के पुण्यका फल, संत-हरिभक्त कितने पुरुषार्थ किये होंगे, सहन किये होंगे । उन्हीं के तप के प्रभाव से हम सुखी है । आज हम सुख से भजन करते हैं, इसको भुलाना नहीं चाहिये । अधिक नहीं कर सकें तो कोई बात नहीं, लेकिन उस परंपरा का गौरव मानना, उस परंपरा को कायम रखना अपनी फरज है । इतना भी करेंगे तो भगवान स्वामिनारायण संत-भक्तों की प्रसन्नता मिलेगी और सुखी होंगे ।

●

नियम में रहना सुखकारी है

– नारायण वी. जानी (गांधीनगर)

अपने यहाँ एक सुप्रिद्ध कहावात है कि ''मनुष्य मात्र भूल के पात्र'' इस वाक्य का सहारा लेकर वारंवार होने वाली भूल को ढंकने का प्रयत्न किया जाता है । लेकिन एक वात का ध्यान रखना चाहिए कि एक वार जो भूल हो गोई पुनः वही भूल नहो इसका सदा ध्यान रखना चाहिए ।

भूल होना स्वाभाविक है, लेकिन जो भूल हुई उसका पश्चात्ताप नहो और बार-बार भूल होती रहे तो किसी बड़ी आपत्ती में आने की संभावना हो जाती है ।

''एक वार थयेली भूल क्षमाने पात्र छे ।
बीजीवार थयेली भूल धृणा के पात्र छे ।
अने त्रीजीवार थयेली भूल सजाने पात्र छे ॥''

एक गाँव में संत-महात्माओं का विशाल आश्रय था । महात्मा अपने शिष्यो के साथ उसी आश्रममें रहते थे । महात्माजी अपने शिष्यो की सुरक्षा के लिये एक नियम बनाये थे कि कोई अज्ञात व्यक्ति कोई वस्तु दे तो उसे नहीं लेना । इस नियम का पालन सभी शिष्य आदर से करते थे । शिष्य वही सच्च जो गुरु की आज्ञा का पालन करे . उसी आश्रम में एक नया शिष्य आ गया । उसे भी गुरुजी के इस नियम को बताया गया था । एक दिन की वात है कि कोई शेठ वहाँ आया जो गुरुजी के परिचय वाला था, वह शेष्ठी सभी शिष्यो को कुछ भेंट देना प्रारंभ किया । सभी शिष्य गुरुजी की आज्ञा में आकर कुछ भी नहीं लिये । लेकिन नये शिष्य ने लालच में आकर उस वस्तु को स्वीकार करली । इस समय वह बिचारा भूल गया । इस प्रथमवार की भूल को गुरुजीने माफ कर दिया और कहे कि आगे पुनः एसी भूल नहीं करना ।

गुरुजीने माफ कर दिया, लेकिन शिष्य के मन में हुआ कि मुझे कोई सजा नहीं हुई और वस्तु भी मिल गई । थोडे समय बाद कोई दूसरा भक्त आया । वह भी सभी को वस्तु देना प्रारंभ कर दिया । इस समय भी वह शिष्य लालच में आकर पुनः वस्तु स्वीकार कर लिया । इस की जानकारी महात्माजी को हुई, उन्हें ऐसा हुआ कि शिष्यने भूल का पुनरावर्तन किया है । गुरु को शिष्य पर घृणा हुइ कि इस प्रकार का वर्तन ठीक नहीं है । मनाकरने के बाद भी भूल की । थोडा नाराज हुये । फिर समझाये और कहे कि पहली वार भुल हुी तो जाने दिया, तुम्हे सावधान रहने की चेतावनी भी दी थी । फिर से वहीं भूल हुई है यह ठीक नहीं । अब आगे से भूल न हो इसका ध्यान रखना ।

पेईज नं. २४

॥ भक्तिसुधा ॥

(प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से)
एकादशी सत्संग सभा प्रसंग पर कालुपुर मंदिर हवेली "प्रत्येक कार्य ईमानदारीपूर्वक जागरुक होकर करना चाहिये"

(संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर)

यह वात कभी भूलनी नहीं चाहिये कि भगवान अपने अंदर बैठकर सभी क्रियाओं को देख रहे हैं। भगवान जब प्रगट होते है तब अन्दर ही प्रगट होते है। क्योंकि परमात्मा अन्तरमें विद्यमान है परंतु हम इस बात को भूल जाते हैं। खूब प्रेम की भावना आये श्रद्धा तथा सत्वगुण प्रवर्तित होता हो, सारे कार्य करने की अन्तर में इच्छा हो तो समझना चाहिये कि हम भगवान को भूले नहीं है। जब दूसरों के अवगुण देखाई देने लगे तो समझना चाहिये कि थोडे समय के लिये भगवान भूल गये हैं। परंतु जब ख्याल आजाय तो स्वयं से कहना चाहिये कि यह हमारे लिये योग्य नहीं है। अपने भीतर अधर्म की भावना अधिक होती है, तथा धार्मिक भावना कम होती है। इस लिये ऐसा प्रथम करना चाहिये कि जिससे अच्छे अच्छे कार्य हों । जान अनजान में खराब विचार आ जाय तो ऐसा विचार भी आ जाता है। कि यह कार्य नहीं करना है। इसमें कारण यह है कि अन्दर बैठे हुये परमात्मा ऐसी प्रेरणा देते हैं कि यह काम करो, यह काम मत करो, इसके लिये आवश्यक यह है कि अन्दर की बात सुनने की भावना होनी चाहिये।

हम खा-पीकर जैसे भी शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करते हैं, वह ताकात वाली शरीर भी ईन्द्रियों के अधीन हो जाती है। इन्द्रियों के अनुकुल शरीर का व्यापार है। शरीर से पर इन्द्रियां, इन्द्रियों से पर मन, मन से पर बुद्धि, बुद्धि सेपर आत्मा है। जैसे अपने सामने बहुत सारी खाने की सामग्री हो लेकिन खाने का मन नहोतो खायेंगे नहीं । इसका मतलब यह कि मन के कहने से बुद्धि में विचार आता है। बुद्धि विचार करके निर्णय देती है। तभी कार्य सिद्ध होता है । अपनी शरीर में सबसे अधिक ताकत वाला आत्मा है। इसका कारण यह है कि वह है तो सभी कार्य होता है। जैसा विचार अता है वैसा चित्त हो जाता है। लोभ तथा लालच का विचार जब आता है तब चित्त वैसा चिंतन करने लगता है। किसी भी विषय के लिये छल-कपट नहीं रखना चाहिये। परमात्मा के ऊपर खूब प्रेम होना चाहिये। परमात्मा का दास बनकर रहना चाहिये। दासत्वभाव से तथा इमानदारी से जो भगवान की सेवा करते हैं, उनके ऊपर भगवान खूब प्रसन्न होते हैं। भगवान सच्चे भक्त के ऊपर विशेष ध्यान रखते हैं। एक राजा के महल में एक संत महात्मा आये। वे राजा से कहने लगे कि हम रात में रुकना चाहिते हैं।

राजाने कहा कि यह हमारा महल है कोई धर्मशाला नहीं। आप महल से बाहर निकल जाइये। महात्माने कहा कि यह महल आपको कैसा मिला। राजाने कहा कि यह महल मुझे मेरे पिता से मिला है। महात्मा ने कहा कि आपके पिता को किसने दिया ? राजाने कहा कि मेरे दादाजीने दिया। महात्माजीने पूछा कि आपके पिताजी तथा दादाजी कहाँ है ? राजाने कहा कि अब वे दुनिया में नहीं रहे। महात्माने कहा कि दुनिया छोड़ के चले गये इस महल को छोड़कर चले गये, उनके साथ कोई नहीं गया ? आज आप यहाँ रहते हैं, थोड़े समय के लिये जहाँ रहा जाय उसे धर्मशाला कहते हैं। इस जगत की वस्तुओं की भी यहीं स्थिति है। हमें भी जगत के सम्बन्धमें न रहकर परमात्मा से सम्बन्धरखना चाहिये । क्योंकि परमात्मा का सम्बन्धही शास्वत है। जिस तरह सोना का आकार भले बदल जाय लेकिन तो वही रहती है ठीक उसी तरह मनुष्य की शरीर अवश्य बदलेगी लेकिन भक्ति की कीमत तो रहेगी ही। इमानदारी से भक्ति की जाय तो शुद्द सोने की जैसे कीमत होती है वही कीमत शुद्ध भाव से

की गई भक्ति की होती है।

मनुष्य का जन्म मिला है इस लिये उसे सार्थक करना चाहिये भजन-भक्ति से जीवन की सार्थकता है । महाराजने कहा है कि इस तरह करने से, थोडा सहन करने से पीछे बड़ी शांति मिलेगी । इसका स्वयं को विचार करते रहना चाहिये । महाराज से प्रार्थना करनी चाहिए कि इसी जन्ममें कसौटी कीजिये । इसी जन्म में सबकुछ पूरा कर दीजिये, जिससे पुनः आने जाने का सम्बन्धखत्म हो जाय । जो अच्छे भक्तो होते हैं नकी स्कूल के अच्छे बच्चों की जैसे कसौटी होती है । आत्मा की आवाज सुनते रहना चाहिये । परमात्मा को प्रार्थना करनी चाहिये कि हमारे जीवन में जो भी हो वह आपकी ईच्छा के अनुसार हो । अपने अन्तःकरण को शुद्ध रखना चाहिये, जो भी काम करें वह इमानदारी से करना चाहिये ।

●

संस्कार रुपी संपत्ति

- सां.यो. कोकिलाबा (सुरेन्द्रनगर)

संपत्ति कई प्रकार की होती है । स्वान के मालिक की सम्पति खनिज संपत्ति है । किसान की संपत्ति खेत पशु हैं । व्यापारी की माल-सामान संपत्ति है । जमीनदार की जमीन संपत्ति है । मकान वालों की स्थावर संपत्ति है । धनिकों की धन संपत्ति है । ऋथि-मुनियों तप संपत्ति है । संस्कारी जीव की संस्कार संपत्ति है । यह उत्तम संपत्ति कही जाती है । संस्कार से सभी वस्तुओं की तथा जीवात्मा की शोभा होती है।

संस्कार अर्थात् क्या ? जो समाज को कसौटी पर रख सके उसे संस्कार कहते हैं । उसी में सुखनिहित है । समाज की गाडी को सुख के स्टेशन तक पहुंचने के लिये संस्कार के ट्रेक की जरुरत है । संस्कार से समाज का विकास होता है । संस्कार से समाज सुखी होता है । संस्कार से समाजका उद्धार होता है।

संस्कार मानवजीवन का मूल है . जिस का संस्कारुपी मूल कमजोर हो वह मानव का सत्संग टिक नहीं सकता । संस्कार मनुष्य की आत्मा है । संस्कार से मनुष्य की आत्मा स्वच्छ रहती है । आत्मा के स्वच्छ होने पर शरीर अपने आप स्वच्छ रहती है । जिस तरह आगे का भाग स्वच्छ रखने से घर स्वच्छ नहीं रहता है । इसी तरह शरीर के स्वच्छ रखने से आत्मा स्वच्छ नहीं रहती । आत्मा को तता मन को स्वच्छ रखना हो तो संस्कार की आवश्यकता पड़ती है । हृदय को स्वच्छ, उज्जवल, शांत बनाना हो तो संस्कार रुपी दीपक प्रगट करना पडेगा । इसके बाद ही प्रकाश होना संभव है।

मानव के लिये संस्कार जरुरी है । संस्कार के विना मानव पत्थर के समान है । संस्कार ग्रहण करने के लिये भारत की भूमि पवित्र है । मानव जीवन में सरलता, उदारता, शिष्टाचार का होना आवश्यक है । संस्कार से ही मानव मोक्ष का भागी बनता है।

धार्मिक संस्कार रुपी पानी का सिंचन करना चाहिये । जिससे स्वयं का तथा पूरे परिवार का जीवन सुखमय तथा प्रभुमय बन सके । मानव देह मिलने का सदुपयोग करना चाहिये । क्योंकि मानव देह वार-वार नहीं मिलेगा । भगवान स्वामिनारायणने मानव के सामान्य नियम को शिक्षा में समझाये है, जो उसेक अनुसार आचरण करेगा उसका पतन कभी नहीं होगा । आचार्य, आचार्य पत्नी, ब्रह्मचारी, साधु, त्यागी, गृहस्थ, स्त्री-पुरुष सधवा-विधवा इत्यादि के नियम (धर्म) का बड़ी सरलता से निरुपण किये है । भगवानने दया करके शास्त्र रुपी भंडार सत्संग समाज को दिया है । यही सबसे बड़ी संपत्ति है, बाकी संपत्ति तो दिया है । यही सबसे बड़ी संपत्ति है, बाकी संपत्ति तो नष्ट हो जायेगी । मायिक संपत्ति है । जिसके जीवन में संस्कार रुपी संपत्ति है उसी के जीवन में शांति और सुख है।

संस्कार रुपी संपत्ति में - संतोष, दया, क्षमा, प्रेम, एकता परोपकार, निःस्वार्थ का भाव, इत्यादि गुण समाये हुये हैं । अब आगे आज के जमाने पर विचार करते हैं । शिक्षापत्री के श्लोक नं. १९ में महाराजने कहा है कि जिसका बनाया हुआ अन्न तथा जिसके पात्र का जल ग्रहण करने योग्य न होतो उसे नहीं लेना चाहिये । भगवान श्रीकृष्ण के प्रसाद को जगन्नाथ पुरी के प्रसाद

को छोड़कर अन्यत्र भी नहीं लेना चाहिये । अन्न को विना साफ किये भोजन में नही लेना चाहिये । पानी, दूध, तेल, घी को विना गारे उपयोग में नहीं लेना चाहिये । भगवान को अर्पण किये बिना कोई खाने पीने की वस्तु ग्रहण नहीं करना चाहिये । ऐसा करने से धर्म भ्रस्ट होने की संभावना है । आज के दुनिया में फिल्मी कलाकारों को आदर्श माना जा रहा है । टी.वी. देखते हैं तो उसमें अश्लील सीन भी आता है जिसे देखते समय मा-बाप, बेटा-बेटी सभी साथ देखते हैं, उससे संस्कार बिगड़ा है। विवेक खत्म हो जाता है । आपस का आदर भाव भी खत्म हो जाता है । टी.वी. देखने वाला प्रहलाद, जनक, अम्बरीष, नरसिंह महेता, मीरा, द्रोपदी जैसे कोई हुआ नहीं है, कहीं भी सुनने में नही मिला । टी.वी. से संस्कार खत्म हो जाता है । कुसंस्कारो का आक्रमण हो जाता है। करीब ३०-३५ वर्ष से टी.वी. चेनल ने पराविरारिक संस्कार समूल उच्छेदन किया है । भारतीय दिव्य परंपरा के अनुसार स्त्रियां कभी अर्धनग्न स्थिति में अर्थात् अंग प्रदर्शन करती हुई समाज में नहीं आती थी । परंतु टी.वी. आने के बाद आंख में शर्म का पानी सुख गया है । अपने समाज में छुटाछेडा जैसा कोई शब्द नहीं था । कोई पुरुष अपनी पत्नी का तथा पत्नी अपने पुरुष का त्याग नहीं करती थी । लेकिन आजकल के सीरियल को देखकर समाज इतना हद तक गिर गया है कि वह छोटे-बड़े का लिहाजही छोड दिया है । कुमारिका यें नृत्यनारी, नर्त की बन गई है । लड़के भांड बन गये है । इससे यह स्पष्ट हो गया है कि समाज धर्म-विवेक दोनो से भ्रस्ट हो गया है।

जीवन में आहार विहार सभी का विगड गया है । कुसंस्कार के कारण बालक गलत टेव में पड़ जाते हैं । बाद में वही बालक अपनी माता-पिता की बात नहीं मानते । माता-पिता की सेवा नहीं करते । स्वयं का जीवन बरबाद कर डालते हैं । इससे परिणाम स्वरुप मानवता का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है । इसलिये हमें संस्कारवान बनना पडेगा । समाज के प्रत्येक वर्ग को संस्कार की परिभाषा बतानी पड़ेगी । पुनः उनमें संस्करा का सिंचन करना पडेगा जिससे समाज सुसंस्कृत होकर सुखमय, शांतिमय जीवन जी सके ।

अनु. पेईज नं. २१ से आगे

आश्रम की प्रतिष्ठा चारो तरफ थी । इस लिये आश्रम में कभी न कभी कोई न कोई आता रहता था । एकबार दो-तीन अनजान व्यक्ति इस आश्रम में आये उसके पास अलंकार था । वह अलंकार उस शिष्य को दिया, वह शिष्य उसे ले लिया ।

वात ऐसी थी कि आने वाले वे दो-तीन लोगचोर थे । वे राजा के महल में से गहना चुरा लाये थे । राजा के खजाने में चोरी हुई इसलिये सैनिक पीछा कर रहे थे । वे सभी आश्रम में आ गये, छानवीन करने लगे । महात्माजी सैनिको को देखकर आश्चर्य में पड़ गये । आने का कारण पूछे । सैनिकों ने कहा कि राजा के महल में से गहनों की चोरी हुई है । ऐसी जानकारी मिली है कि गहना आपके आश्रम में है । गुरुजीने कहा हमारे आश्रम में किसी प्रकार की भेटं सौगात स्वीकार नहीं की जाती । फिर भी आपको छानबीन करना है तो कर लीजिये । सैनिक जब छानबीन किये तो नये शिष्य के पास वह गहना मिल गया । सैनिक उस शिष्य को गहनों के साथ गुरुजी के पास लाये । गुरुजीने कहा कि आप लोगो को जो भी शिक्षा देनी है वह आप सभी इसे दे सकते हैं । पुलिस उसे पकड़कर ले गई । गुरु के मुख से पहलेवाला शब्द निकल पडा -

"एकबार थयेली भूल क्षमाने पात्र
बीजीवार थयेली भूल घृणाने पात्र
अने बीजीवार थयेली भूल सजाने पात्र ॥"

इससे यह सीखना चाहिये कि अपने से कोई भूल हो तो भूल का कारण खोजना चाहिये । जिससे पुनः भूल न हो सजा से बचा जा सके ।

मित्रो ! स्वामिनारायण भगवानने भी वचनामृत में कहा है कि भूल होने पर जिसका अपराधहुआ हो उसकी मांफी मागना और पुनः भूल न हो इसके लिये प्रयत्न करना । लेकिन भूल करके माफी मांगकर पुनःभूल नहीं करनी चाहिये । यदि इस आज्ञा का पालन करेंगे तो निश्चित ही जीवन में दुःख नहीं आयेगा ।

सत्संग समाचार

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में गुरूपूर्णिमा उत्सव संपन्न

परमकृपालु सर्वावतारी इष्टदेव श्री स्वामिनारायण भगवानने अपने आश्रितों के मोक्ष तथा कल्याण के लिये यह ब्रह्मांड जब तक रहे तब तक अपने महामंदिरो में अपने स्वरुपकी स्थापना स्थाई रहे। सत्शास्त्र नंद-संतो से रचवाया तथा दो देश की गादी करके अपने ही दिव्य धर्मकुल में से अपने स्थान पर आचार्य की स्थापना करके संप्रदाय के आश्रितों के गुरु के रुप में धर्मवंशी आचार्य का प्रतिष्ठापन किया हमारे आश्रित सत्संगी अपने आचार्य के साथ कभी भी विवाद न करें और अपने सामर्थ्य के अनुसार अन्न-धन-वस्त्रादिक अपने आचार्य को भेंट करे।(शि.श्लो. ७१) श्री कृष्ण भगवान के जिस स्वरुप की आचार्य द्वारा प्रतिष्ठा की गई हो उसी स्वरुप की पूजा करना, इसके अलांवा दूसरे कृष्ण के स्वरुप को प्रणाम भले करें लेकिन उनकी पूजा नहीं करना। (शि.प.श्लो. ६२) इस शिक्षापत्री के श्लोको का नित्य पाठ करना, मनन, चिंतन करना।

आषाढ शुक्ल-१५ गुरुपूर्णिमा को प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री प्रातः परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की श्रृंगार आरती करके सभा में विराजमान हुये थे। मंदिर के ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। संत तथा हरिभक्त समूहमें आरती उतारे थे। अनेक धामों से पधारे हुये पू. संतोने प.पू. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री का पुष्पहार से पूजन-अर्चन किया था।

प्रासंगिक सभा में शा.स्वा. रामकृष्णदासजी (कोटेश्वर) तथा शा.स्वा. नारायणमुनिदासजी ने धर्मवंशी आचार्य का महत्व समझाते हुये सभा का संचालित किया था। अमदावाद मंदिर के पू. महंत शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी, पू. शा.स्वा. निर्गुणदासजी, शा.स्वा. प्रेमस्वरुपदासजी, पू. शा.स्वा. हरिॐप्रकाशदासजी, पू. रघुवीर स्वामी इत्यादि संतोने गुरुका माहात्म्य समझाया था। समस्त सत्संग के गुरु स्थान पर अपने आचार्य महाराजश्री हैं जो अपने भगवान स्वामिनारायणने स्वयं के स्थान परप्रतिष्ठित किया है।

अन्त में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री ने समस्त सभा को परमकृपालु श्री नरनारायणदेव का एकमात्र आश्रित रहने की आज्ञा की थी। गुरुपूजन के यजमान बोल्टन के प.भ. कांतिलाल मावजीभाई खीमाणीने प.पू. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री का पूजन-अर्चन किया था। गाँव-गाँव से तथा शहरों से हरिभक्त हजारों की संख्या में उपस्थित होकर अनुशासित ढंग से कतार बद्ध महाराजश्री के चरण का दर्शन किये थे। इस प्रसंग पर पू. महंत स्वामी के मार्गदर्शन से रसोई में जे.पी. स्वामी, जे.के. स्वामी, भक्ति स्वामी, योगी स्वामी, नटु स्वामी इत्यादि संत मंडलने सुंदर आयोजन किया था। श्री नरनारायणदेव युवक मंडलने सुंदर सेवा का कार्य किया था। (शा.स्वा. नारायणमुनिदासजी)

अहमदाबाद कालुपुर श्री स्वामिनारायण मंदिर में झूलेका दर्शन

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुरमें अषाढ कृष्ण-२ से परम कृपालु श्री नरनारायणदेव को अलौकिक पंच मेवा, फूल, चाकलेट से हिंडोले को सजाकर प्रतिदिन सायंकाल ठाकुरजी को उसी में झुलाया गया था। श्रद्धालु भक्तों ने यजमान पद का लाभ लेकर सेवा किये थे। पू. महंत स्वामी हरिकृष्णदासजी के मार्गदर्शन में पू. ब्र.स्वा. राजेश्वरानंदजी, जे.पी. स्वामी, नटु स्वामी, योगी स्वामी, भक्ति स्वामी, विश्वविहारी स्वामी, शा. नारायणमुनि स्वामी, इत्यादि संत मंडलने देव तथा धर्मकुल एवं हरिभक्तों को झूलेको सजाकर आयोजन करके खुश कर दिया था। (शा. मुनिदासजी)

भावि आचार्य प.पू. १०८ श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री का १९ वाँ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव के सानिध्य में श्री नरनारायण देव देश के ८ वें भावि गादी पति प.पू. लालजी महाराजश्री १८ वाँ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गाय था।

प्रातः ८-१० बजे प.पू. लालजी महाराजश्री कालुपुर मंदिर में पधारकर सर्व प्रथम परम कृपालु श्री नरनारायणदेव की श्रृंगार आरती उतारकर सभा में विराजमान हुये थे। मंदिर के विद्वानों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया।

बाद में बड़े संतो द्वारा, हरिभक्तों द्वारा, ट्रस्टियों द्वारा प.पू. लालजी महाराजश्री की आरती उतारी गई थी।

विद्यार्थी संतो ने भाववाही शैली में प.पू. लालजी

महाराजश्री का १९ वाँ प्रागट्योत्सव के प्रसंग पर धर्मकुल की निष्ठा के विषय में बताया था।

पू. महंत शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजीने धर्मकुल की निष्ठा के विषय में बताया । सभा संचालन शा.स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजीने किया । प.पू. लालजी महाराजश्री ने श्री नरनारायणदेव की निष्ठा में दृढता रखने पर बल देने को कहा।

ब्र.स्वा. राजेश्वरानंदजी, भंडारी जे.पी. स्वामी, को. जे.के. स्वामी, योगी स्वामी, भक्ति स्वामी, नटु स्वामी इत्यादि संत मंडलने सभी आयोजन व्यवस्थित किया था।

(चेतन जंगले)

श्री नरनारायणदेव सत्संग मंडल भाभर द्वारा श्रीमद् सत्संगिजीवन पंचान्ह रात्रि पारायण धूमधाम से संपन्न हुआ

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा प.पू.स.गु. शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी की प्रेरणा से ता. २७-७-१६ से ता. ३१-७-१६ तक भाभर गाँव में देशी लोहाणा महाजन वाडी में श्रीमद् सत्संगिजीवन रात्रि पारायण के वक्तापद पर शा.स्वा. रामकृष्णदासजी थे । प्रथम दिन श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर से स.गु. महंत शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी, नारायणघाट मंदिर से महंत देव स्वामी, शा.स्वा. नारायणमुनिदासजी, विश्वविहारी स्वामी, गांधीनगर के पी.पी. स्वामी, वीरडी गाँव से प.भ. कानाभाई कानाबार इत्यादि संत हरिभक्तोंने सुंदर लाभ लिया था। समस्त भाभर गाँव के हरिभक्तों ने चातुर्मास में कथा श्रवण का दिव्य लाभ लिया था। भाभर के अगल-बगल के गाँवो से हरिभक्त बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लिये थे। इस प्रसंग पर भाभर गाँव का सत्संग मंडल श्रीनरनारायणदेव युवक मंडल तथा स्वयं सेवक भाईयो एवं बहनोंने सुंदर सेवा करके श्रीजी महाराज की प्रसन्नता प्राप्त की थी।

(रमेशभाई नरभेराम कानाबार-भाभर)

सर्वोपरि छपैयधाम में ठाकुरजी का १६६ वाँ वार्षिक पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया था

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से श्री घनश्याम महिला मंडल के यजमान पद पर सर्वोपरि छपैयाधाम में विराजमान सर्वावतारी श्रीबालस्वरुप घनश्याम महाराज का १६६ वाँ वार्षिक पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया था। पाटोत्सव के उपलक्ष्य में पंचदिनात्मक श्री घनश्याम बालचरित्र की कथा शा.स्वा. भक्तिनंदनदासजी के वक्तापद पर कथा का आयोजन किया गया था।

प्रथम दिन पोथीयात्रा नारायण सरोवर से निकल कर मंदिर में जन्म स्थान कथा स्थल तक धून-कीर्तन के साथ आयी थी। कथा में श्री घनश्याम प्रागट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया था । इस प्रसंग पर समूह महापूजा, नारायण सरोवर की समूह आरती, श्री रामप्रतापजी का भव्य विवाह, त्रिदिनात्मक हरियाग, यहाँ के ब्र. वासुदेवानंदजी के मार्गदर्शन में संपनन किया गया। इस प्रसंग पर महिला मंडल के आग्रह पर प.पू.अ.सौ. बड़ी गादीवालाजी तीन दिन तक महिला मंडल के साथ रुककर सभी बहनो को दर्शन का सुख दी थी।

निर्जला एकादशी के पाटोत्सव के शुभ दिन प्रातः ठाकुरजी का महाभिषेक षोडशोपचार विधिसे किया गया था । इस अलौकिक पाटोत्सव में अमदावाद, जेतलपुर, मूली, अयोध्या, दिल्ही, रतनपर इत्यादि धामों से संत पधारे थे। नारायणपुरा मंदिर के महंत शा.स्वा. हरिॐप्रकाशदासीजने भी यहाँ पर रुक करके हरिभक्तों के लिये मार्गदर्शन का लाभ किये थे। जन्मोत्सव बांधकाम में सभी भक्तोंने उदारभाव से सेवा की थी।

महंत स्वामी वासुदेवानंदजी तथा उनके संत मंडलने सभी भक्तों की सुंदर व्यवस्था की थी। सर्वोपरि छपैयाधाम का अलौकिक पाटोत्सव का दर्शन करके यजमान महिला मंडल तथा सभी दर्शनार्थीयों का जीवन धन्य हो गया।

(चिराग भगत-छपैयाधाम)

श्री स्वामिनारायण मंदिर मेमनगर (भक्तिनगर) १७ वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से श्री स्वामिनारायण मंदिर मेमनगर (भक्तिनगर) का १७ वाँ पाटोत्सव वैशाख कृष्ण-९ ता. ३०-५-१६ को धूमधाम से मनाया गया।

प्रातः ८-०० बजे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री संत मंडल के साथ पधारे थे, सर्व प्रथम मंदिर में श्रीहरिकृष्ण महाराज का षोडशोपचार से धूमधाम के साथ अभिषेक किये थे। इसके बाद आयोजित सभा में संतो की प्रेरक वाणी के बाद प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि ''श्रीजी महाराज ने शहर के बीच में मंदिर का निर्माण करवाया था। हम पहले पोलो (गलियों) में रहते थे। समय वीतते हम लोग शहर से बाहर निकले बंगला-मकान

बड़े बने, बड़े-बड़े फार्म हाउस बनाये । भगवान का मंदिर वहीं का वहीं रह गया । अब भगवान का भी मंदिर बड़ा बनाये, भगवान हम सभी की मनोकामना पूर्ण केरं ऐसी परमकृपालु श्रीहरि के चरणों में प्रार्थना । यहाँ भी हम आपलोगों के साथ है, पडोसी हैं तथा अक्षरधाम में भी साथ रहेंगे । पाटोत्सव के यजमान पद पर प.भ. जयेन्द्रभाई शांतिलाल ठक्कर परिवारने लाभ लिया था । अन्त में प.पू. आचार्य महाराजश्रीने ठाकुरजी की अन्नकूटी की आरती उतारी थी । इस मंदिर के निर्माण से लेकर आज तक ठाकुरजीकी सेवा पूजा करने वाले देव-धर्मकुल के निष्ठावान प.भ. गंगारामभाई के सेवा की प्रशंसा की गई थी ।

(श्री नरनारायणदेव युवक मंडल - मेमनगर)

श्री स्वामिनारायण मंदिर नवावाडज का ५६ वाँ पाटोत्सव

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से श्री स्वामिनारायण मंदिर नवावाडज (भाइयों तथा बहनोंके) ५६ वाँ पाटोत्सव ता. ११-४-१६ को धूमधाम से मनाया गया था ।

पाटोत्व के उपलक्ष्य में ता. ५-४-१६ से ता. ११-४-१६ तक स.गु. शा.स्वा. वासुदेवचरणदासजी (नाथद्वारा) के वक्ता पद पर अ.नि. बिपीनचंद्र ओच्छवलाल शाह परिवार के यजमान पद पर श्रीमद् सत्संगिभूषण कथा सम्पन्न हुई थी ।

कथा के अवसर पर अनेक धामो से संत पधारे थे जिस में स.गु. महंत शा.स्वा. हरिकृष्णदासजी, गांधीनगर के महंत छोटे पी.पी. स्वामी, श्रीजीप्रकाश स्वामी, माधव स्वामी तथा नाथद्वारा मंदिर के महंत स्वामी पधारे थे ।

ता. १०-४-१६ को प्रातः काल प.पू. लालजी महाराजश्री पधारे थे तथा यजमान परिवार ने प.पू. लालजी महाराजश्री का पूजन करके आरती उतारी थी । समस्त सभा को पू. लालजी महाराजश्री ने हार्दिक आशीर्वाद दिया था । ता. ११-४-१६ को श्रीहरिकृष्ण महाराज का अभिषेक शास्त्री श्री भरतभाईने किया था । (शंभुभाई पटेल)

श्री स्वामिनारायण मंदिर प्रांतिजका का १२९ वाँ पाटोत्सव संपन्न

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा समग्र धर्मकुल के आशीर्वाद से, मंदिर के मंहत स्वामी प्राणजीवनदासजीकी प्रेरणा से प्रांतिज मंदिर में विराजमान ठाकुरजी का १२९ वाँ पाटोत्सव सभी मिलकर धूमधाम से संपन्न किये । इस प्रसंग के उपलक्ष्य में ता. ५-४-१६ से ता. ६-६-१६ तक त्रिदिनात्मक श्रीमद् भागवत दशम स्कंन्धरात्रि कथा सा.स्वा. गोपालजीवनदासजी के वक्तापद पर संपन्न हुई थी । सभा संचालन हिंमतनगर मंदिर के महंत स्वामीने किया था । अनेक धामों से संत पधारकर अपनी अमृतवाणी का लाभ दिये थे ।

ठाकुरजी की अन्नकूट आरती पू. शा.पी.पी. स्वामी (जेतलपुरधाम) ने उतारी थी । गाँव के सभी अग्रगण्य हरिभक्त संतो के साथ मिलकर सहयोग किया था तथा दर्शन करके प्रसाद ग्रहण करके धन्यता का अनुभव किया था ।

ता. २०-६-१६ को प.भ. विनोदकुमार रमणलाल पटेल के यजमान पद पर श्रीहरिकृष्ण महाराज को केशर से स्नान वेदोक्त विधिसे पुजारी संतोने करवाया था ।

(को. हरिभाई मोदी)

लुणावाडा में महिला पंचान्ह पारायण

प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुप गादीवालाश्री की आज्ञा से तथा प.पू.अ.सौ. बड़ी गादीवालाश्री के आशीर्वाद से तथा सांख्ययोगी बचीबा की प्रेरणा से लूणावाडा में ता. २२-५-१६ से २६-५-१६ तक श्रीमद् सत्संगिजीवन पारायण अ.सौ. का. जयाबहन कल्पेशभाई के यजमान पद पर सां.यो. नर्मदाबा (जेतलपुर) ने अपनी अमृतवाणी में कथामृत का पान कराया था । कथा में आनेवाले सभी प्रसंग धूमधाम से मनाया गया था । ता. २६-५-१६ को पूर्णाहुति के अवसर पर अहमदाबाद से असह्य गर्मी होते हुये भी प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी पधारी थी । कथा के पूर्णाहुति की आरती उतारकर सभा में सभी को हार्दिक आशीर्वाद देकर प्रसन्न हुई थी । इस प्रसंग पर लुणावाला महिला मंडल तथा सुवासिनी मंडलने प्रेरणात्मक सेवा की थी ।

(महिला मंडल प्रमुखश्री - लुणावाडा)

लालोडा गाँव में ठाकुरजी की भव्य नगरयात्रा

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा यहाँ के पू. स.गु.शा.स्वा. घनश्यामजीवनदासजी की प्रेरणा से लालोडा धाम में वैशाख शुक्ल-३ को हजारो हरिभक्तों के विशाल समुदाय के साथ श्रीहरिकृष्ण महाराज की नगरयात्रा प्रतिवर्ष की तरह समग्र गाँव में धूमधाम के साथ निकली थी । यहाँ के श्री स्वामिनारायण मंदिर में रथयात्रा के दिन ठाकुरजी को रथ में बैठाकर उत्सव की आरती की गई थी । प.पू. लालजी महाराजश्री की आज्ञा से गाँव में वृक्षारोपण, ग्राम स्वच्छता अभियान, व्यसन मुक्ति इत्यादि सुंदर कार्य श्री नरनारायणदेव युवक मंडल तथा बाल मंडल द्वारा किये गये थे । समग्र कार्यक्रम में पू. स्वा. विश्वप्रकाशदासजी तथा बालकृष्ण स्वामी प्रेरक थे । (भूमित पटेल)

मूली प्रदेश के सत्संग समाचार

श्री स्वामिनारायण मंदिर मोरबी केशर स्नान दर्शन

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा समग्र धर्मकुल के आशीर्वाद से श्री स्वामिनारायण मंदिर मोरबी (उनाला रोड) में ता. १९-६-१६ को ठाकुरजी के केशर स्नान में मोरबी, मच्छुकांठा, हालार, हलवद विस्तार में बहुत सारे हरिभक्त दर्शन का अलौकिक लाभ लिये थे।

अभिषेक के बाद श्री स्वामिनारायण महामंत्र की धुनि तथा कथा में स.गु. महंत स्वामी भक्तिनंदनदासजी तथा स.गु. मंहत स्वामी विश्वविहारीदासजीने सर्वोपरि श्रीजी महाराज का दिव्य लीला चरित्र हरिभक्तों को सुनाया था। आगन्तुक दर्शनार्थियों को भोजन की सुंदर व्यवस्था की गई थी।

इस प्रसंग के यजमान लक्ष्मी कटींगवाला प.भ. राजुभाई प.भ. रवजीभाई खीमजीभाई भगत परिवार ने सुंदर लाभ लिया था। श्री नरनारायणदेव युवक मंडल ने प्रेरणात्मक सेवा की थी। (रमेशभाई कोठारी - मोरबी)

श्री स्वामिनारायण मंदिर मोरबी सरदारबाग - आगामी दशाब्दी महोत्सव के उलक्ष्य में विविधकार्यक्रम

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा समग्र धर्मकुल के आशीर्वाद से मूली विस्तार के श्री नरनारायणदेव विभागीय शिखरी श्री स्वामिनारायण मंदिर मोरबी (सरदारबाग) में विराजमान सर्वोपरि श्री घनश्याम महाराज, श्री राधाकृष्णदेव के आगामी दशाब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में अधोनिर्दिष्ट कार्यक्रम ता. ११-२-१७ से १७-२-१७ तक होंगे।

महामंत्र धुन जपयज्ञ, गाँव गाँव में सत्संग सभा, वचनामृत, भक्तचिंतामणी, जनमंगल पाठ, शिक्षापत्री ग्रंथ का पाठ, दंडवत प्रदक्षिणा, इत्यादि नियम तथा जिस गाँव में सत्संग नहीं है उस गाँव में संतो द्वारा तथा युक मंडल द्वारा सत्संग सभा, व्यसन मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण जैसी अनेक प्रवृत्ति की जायेगी । इस उत्सव मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण जैसी अनेक प्रवृत्ति की जायेगी। इस उत्सव की सेवा में सहयोगी संत पू. शा.स्वामी भक्तिहरिदासजी, शा.स्वा. धर्मवल्लभदासजी, को. स्वामी कृष्णवल्लभदासजी, श्रीजी स्वरूप स्वामी, घनश्यामचरण स्वामी इत्यादि संत है।

(महंत शा.स्वा. भक्तिनंदनदासजी)

मोरबी मंदिर के दशाब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री स्वामिनारायण मंदिर माथक (ता. हलवद) अखंड धून सभा

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा समग्र धमकुल के आशीर्वाद से एवं मोरबी मंदिर के महंत स्वामी शा. भक्तिनंदनदासजी की प्रेरणा से श्री स्वामिनारा?ण मंदिर मोरबी (सरदार बाग-शिखरी मंदिर) के आगामी दशाब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रथम चरण के रुप में माथक (ता. हलवद) श्री स्वामिनारायण मंदिर हलवद में ता. २३-७-१६ को १२ धन्टे की अखंड धुन सायंकाल ६ बजे से ८-०० बजे तक सत्संग सभा हुई थी । यहाँ पर सत्संगियों की संख्या सीमित है। फिर भी श्रीमुकेशभाई, नारणभाई मिस्त्री इत्यादि भक्तों के सुंदर प्रयास से छोटे बच्चे भी बड़े लोगो के साथ मिलकर (धुन में भाग लिये थे।)

इस प्रसंग पर मोरबी से महंत शा.स्वामी भक्तिनंदनदासजी, शा. विश्वविहारीदासजी श्रीजीस्वरुप स्वामी, शा.स्वा. धर्मपल्लभदासजी इत्यादि संतोने सुदंर कथा वार्ता की थी । गाँव के प.भ. नारणभाई मिस्त्री का देव-आचार्यश्री में खूब निष्ठा है। सत्संग के लिये खूब सक्रिय रहते हैं। जिन्होंने इस प्रसंग पर ८०० जितने बालकों को भोजन कराया था। मोरबी के संत यदाकदा यहाँ पर सत्संग का लाभ देते हैं।

श्री स्वामिनारायण मंदिर धांघधा १५२ वाँ वार्षिक पाटोत्सव

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से यहाँ के श्री स्वामिनारायण मंदिर धांगध्रा में विराजमान सर्वोपरि श्री स्वामिनारायण भगवान का १५२ वाँ वार्षिक पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया । इस मंदिर में बिराजमान श्रीहरिकृष्ण महाराज तथा श्री घनश्याम महाराज की प्राण प्रतिष्ठा अपने आदि आचार्य प.पू.ध.धु. श्री अयोध्याप्रसादजी महाराजश्री के वरद् हाथों हुई थी। यहाँ पर वर्णिवेश में प्रभु पधारकर विश्राम किये थे। इस प्रसंग पर मूली के पू. शा.स्वा. भक्तिविहारीदासजी स्वामीने संत मंडल के साथ पधारकर कथा वार्ता का लाभ दिया था। यहाँ मंदिर में सेवा पूजा करने वाले स्वामी सर्वजीव हितावहदासजी सत्संग प्रवृत्ति सुंदर करते हैं। मंदिर के कोठारीश्री हरिभाई तथा हरिकृष्ण सत्संग मंडल ने प्रेरणात्मक सेवा की थी।

(प्रति. अनिलभाई दुधरेजिया - धांगध्रा)

विदेश सत्संग समाचार

श्री स्वामिनारायण मंदिर विहोकन (आई.एस.एस.ओ. अमेरिका)

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से तथा समग्र धर्मकुल के आशीर्वाद तथा मंहत नारायणदासजी की

प्रेरणा से जुलाई महिने में, मंदिर में ठाकुरजी के समक्ष रथयात्रा उत्सव तथा आम्ररसोत्सव मनाया गया । रथ में श्रीकृष्ण महाराज के साथ, संत यजमानोने पूजन किया था। सभी सत्संगी भाईबहनोंने मंदि में रथ को खींच कर रास-गरबा किया था। आम्ररसोत्सव में आम से जाये झुले में श्रीहरि को रखा गया था। इस अवसर पर स्वामीने सुंदर कथा सुनाई थी । हरिभक्तो ने धून तथा कथा श्रवण किया, और हनुमान चालीसा का पाठ कर समूह प्रसाद का आयोजन किया था। (बलदेवभाई पटेल)

छपैयाधाम पारसीपनी (आई.एस.एस.ओ. अमेरिका) श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से तथा समग्र धर्मकुल के आशीर्वाद से श्री स्वामिनारायण मंदिर छैपायधाम पारसीपनी में १० जुलाई से १६ जुलाई पर्यंत शायं ५-०० से ८-०० बजे तक, प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुपा बड़ी गादीवालाश्री एवं पू. बिंदुराजा की शुभ उपस्थिति में हजारो हरिभक्तोने श्रीमद् भागवत कथा अमृत का पान किया था। वक्तापद पर श्री वृंदावनविहारी बांकेविहारी परिवार के गोस्वामी श्री मुकुलकिशन शास्त्री थे। इस अवसर पर पोथीयात्रा धून-कीर्तन के साथ सुदंर सजाये रथ में नीकली थी। कथा में आनेवाले समग्र प्रसंग धामधूम से मनाये गये थे । पधारे महानुभाव तथा सेवाभावि युवानो का यथोचित सम्मान किया गया था। सभी बहनो ने प.पू. बड़े महाराजश्री तथा पू. बिंदुराजा का पुष्पहार से पूजन अर्चन किया था। प.पू. बड़े गादीवालाने सभी को आशीर्वाद दिये थे। यहाँ के मंहत शा.स्वा. सत्यस्वरुपदासजी तथा हरिभक्तोने सुंदर आयोजन किया था। (प्रविण शाह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कलिवलेन्ड का आठवाँ पाटोत्सव

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की शुभ उपस्थिति में कलिवलेन्ड मंदिर का ८ वाँ पाटोत्सव धामधूम से मनाया गया । इस अवसर पर अहमदाबाद से श्री नरनारायणदेव के पुजारी ब्र.स्वा. राजेश्वरानंदजी, ह्युस्टन सानहोजे और कोलोनीया मंदिर के महंत तथा हजारो की संख्या में हरिभक्त उपस्थित रहे थे।

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के करकमलो से कलिवलेन्ड मंदिर में बिराजमान श्रीहरि का महाअभिषेक हुआ था। जिस के पश्चात अन्नकुल हुआ था। ह्युस्टन मंदिर के शा. निलकंठ स्वामीने श्री हनुमानजी महाराज की सुंदर कथा अमृत का पान करवाया था। मारुति यज्ञमें यजमान परिवार ने आरती का लाभ लिया था। श्री राकेशभाई पटेलने आगे के कार्यक्रम की घोषणा की थी। पधारे महेमान तथा यजमान एवं सेवा करने वाले हरिभक्तों को प.पू. महाराजश्री ने आशीर्वाद प्रदान किया था। (प्रविण शाह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनिया (आई.एस.एस.ओ. अमेरिका) में पू. लालजी महाराजश्री की पधरामणी

अपने कोलोनिया स्वामिनारायण मंदिर में लंबे सप्ताहात के दौरान शनिवार शाम को श्री नरनारायणदेव गादी के भावि आचार्य १०८ श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री, प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुपदागीवालाश्री, पू. श्री राजाकी शुभ उपस्थिति में यहाँ के महंत शा.स्वा. धर्मकिशोरदास के मार्गदर्शन से सुंदर सत्संग सभाका आयोजन हुआ था।

स्वामीने कहा कि सर्वोपरि स्वामिनारायण भगवान सभी के मनोरथ पूरे करते हैं। आज अपने भावि आचार्य प.पू. लालजी महाराजश्री एवं समस्त बहनो के गुरु प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री और पू. श्रीराजा का शुभ आगमन अपने मंदिर में हुआ। यह अपना भाग् यहै कि हमे हमारे गुरु के दर्शन का लाभ मिला।

युवान भक्तोने प.पू. लालजी महाराजश्री का एवं समस्त बहनोने प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री एवं पू.श्रीराजा का फुलहार से स्वागत कर, आरती-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया था।

उपस्थित महेमान, महानुभाव, यजमान एवं सेवा करने वाले भक्तो के पूजन के बाद लालजी महाराजश्रीने सन्मान किया था। एवं समस्त भक्तो को आशीर्वाद दिया था।

(प्रविण शाह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर ह्युस्टन अमेरिका (आई.एस.एस.ओ.) १६ वाँ पाटोत्सव

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से तथा समग्र धर्मकुल के आशीर्वाद से महंत शा.स्वा. भक्तिनंदनदासजी, स्वामी हरिनंदनदासजी, शिकागो मंदिर के शांतिप्रकाश स्वामी एवं डिट्रोईट मंदिर के माधव स्वामी और अमेरिका इसो चेप्टर के अनेक हरिभक्तो की उपस्थिति में १२ जून से १८ जून पर्यन्त ह्युस्टन, सुगरलेन्ड मंदिर का पाटोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर हरिनंदन स्वामीने संगीत के साथ

श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करवाया था। कथा में आने वाले प्रत्येक प्रसंग को उसको यजमान की उपस्थिति में धामधूम से मनाया गया।

दि. १८ जून शनिवार को ठाकुरजी का महाभिषेक किया गया। जिस का दर्शन कर हजारो हरिभक्त धन्य हो गये। प्रसंगिक सभा में डिट्रोईट एवं शिकागो के महंत स्वामीने भगवान की सर्वोपरिता तथा धर्मकुल की महिमा की बात कही थी। पश्चात यजमान परिवार महेमान तथा सेवा करने वालो का सन्मान किया गया। (प्रविण शाह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर आटलान्टा (ज्यॉर्जिया) (आई.एस.एस.ओ. अमेरिका) पंचम पाटोत्सव

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा प.पू. बड़े महाराजश्री के आशीर्वाद से एवं समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से आटलान्टा मंदिर के महंत स्वामी मुक्तस्वरुपदासजी की प्रेरणा से एवं मार्गदर्शन से श्री स्वामिनारायण मंदिर एटलान्टा का ५ वाँ पाटोत्सव १२ जुलाई २०१६ से १६ जुलाई तक समग्र धर्कुल की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया।

महोत्सव के अन्तर्गत श्रीमद् भागवत पंचान्ह पारायण शा.स्वा. यज्ञप्रकाशदासजी (शिकागो) के वक्तापद पर सम्पन्न हुई थी।

उत्सव के समय समूह महापूजा, पोथीयात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नंद संतो द्वारा विरचित कव्वाली, मेडिकल केम्प, इत्यादि सुंदर कार्यक्रम करेक धर्मवंशी परिवार को खुश किया गया था।

एटलान्टा मंदिर में बिराजमान ठाकुरजी का पंचम पाटोत्सव अभिषेक प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के वरद हाथों से वेदोक्त विधिसे षोडशोपचार पूर्वक संपन्न किया गया था। जिसका अलौकिक दर्शन करके यहाँ के हजारों हरिभक्त धन्य-धन्य हो गये थे। प.भ. किशोरभाई पटेल, प.भ. सुरेशभाई पटेल, प.भ. नवीनभाई पटेल इत्यादि हरिभक्तोंने अन्नकूट आरती तथा श्रृंगार आरती का यजमान बनकर धर्मकुल के साथ आरती का महाअलौकिक लाभ लिया था।

इस तरह यहाँ पर मंदिर का पंचम पाटोत्सव खूब धूमधाम से मनाया गया। हरिभक्तोंने देवदर्शन, धर्मकुल दर्शन करके जीवन को कृतार्थ किया था।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन के यजमान प.भ. राजुभाई पटेल (डांगरवावाला) परिवारने प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का पूजन अर्चन करके आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया था। इसके साथ ही यजमानो को तथा अन्य भक्तों को भी पुष्पहार पहनाकर आशीर्वाद दिया गाय था। भक्ति स्वामीने सुंदर सभा का संचालन किया था।

प्रासंगिक सभा में जेतलपुर मंदिर के पू. पी.पी. स्वामीने अपने संप्रदाय के गुरु पद पर दोनो देश के आचार्य महाराजश्री के गुरुपरंपरा को वेद शास्त्रानुसार बड़े सरल ढंग से समझाया था।

अन्त में प.पू. बड़े महाराजश्रीने अपने आर्शीवचन में कहा कि श्रीजी महाराजने स्वयं संप्रदाय के गुरुपद पर दोनो देश की स्वयं की गादी पर आचार्य (धर्मकुल वंश में से) पूर्व से प्रेषित किया है। श्रीजी महाराज ने ही संप्रदाय के सभी कार्य को करने का उत्तर दायित्व आचार्यो को दिया है, जिसे वे पूराकर रहे हैं। इस तरह का आशीर्वाद दिये थे। प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीने अपने आर्शीवचन में कहा कि हरिभक्त एक साथ मिलकर मंदिर का कार्य, सत्संग का विकास हो ऐसी प्रवृत्ति करते हैं। सभी हरिभक्तों की सेवा की खूब प्रसंशा किये थे। इसके साथ ही मंदिर में बिराजमान देव की आज्ञा-वचन का जोपालन करेगा, देव दर्शन करेगा तो निश्चित ही आप सभी की मनोकामना श्रीजी महाराज पूरा करेंगे। इसेक साथ यहाँ के सत्संग की उत्तरोत्तर प्रगति हो, उन्नति हो, तथा श्रीहरि सभी को सुखिया करें, सभी की निष्ठा में वृध्दि हो ऐसा सभी को आशीर्वाद दिये थे।

प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी तथा प.पू.अ.सौ. बड़ी गादीवालाजीने बहनो की अलग सभा में बहनो को हार्दिक आशीर्वाद दिया था।

अन्त में प्रेसिडेन्ड श्री दक्षेश पटेल ने तन, मन, धन से सेवा करने वाले यजमानो की स्वयंसेवको की महिल मंडल की प्रसंशा करके आभार व्यक्त किया था। (रजनी पटेल तथा एटलान्टा सत्संग समाज)

संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक : महंत शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी द्वारा, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद के लिए श्रीस्वामिनारायण प्रिन्टींग प्रेस, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ से मुद्रित एवं श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ द्वारा प्रकाशित।

प.पू. भावि आचार्य श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री का १९ वाँ प्रागट्योत्सव



Registered under RNI - No - GUJHIN/2007/20220 " Permitted to post at
Ahd PSO on 11 the every month under postal Regd. No. GUJ. 581/15-17
issued SSP Ahd Valid up to 31-12-2017

स्वयं के १९ वें प्रागट्योत्सव के प्रसंग पर श्री नरनारायणदेव की आरती उतारते हुये प.पू. भावि आचार्यश्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री का पूजन-आरती करते हुये संत-हरिभक्त ।

प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री एवं धर्मकुल की उपस्थिति में
मुली श्री राधाकृष्णदेव के छत्रछाया का श्री नरनारायणदेव देशान्तर्गत श्री स्वामिनारायण मंदिर मोरबी (सरदारबाग)

दशाब्दी महोत्सव

ता. ११-२-१७ से १७-२-१७ तक

धूमधाम से संपन्न किया जायेगा

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से एवं आशीर्वचन से श्री नरनारायणदेव युवक मंडल गांधीनगर (से-२) आयोजित, अमदावाद श्री नरनारायणदेव का श्री स्वामिनारायण मंदिर-गांधीनगर (से-२) के आंगन में

भव्य झूले का दर्शन एवं हिमालय दर्शन

प्रारंभ : ता. ३१-७-१६ अषाढ कृष्ण-१२ रविवार पूर्णाहुति : ता. २८-८-१६ श्रावण कृष्ण-११ रविवार

दर्शन का समय

सोम से शनि - दोपहर - ४-०० से रात्रि ८-३०

अवकाश तथा एकादशी पूनम का दिन प्रात : ८-३० बजे से ११-३० दोपहर ४-०० से रात्रि ८-३०